**Class 7**
**Hindi**
**पापा खो गए**

पाठ्यपुस्तक के प्रश्न-अभ्यास

नाटक से

प्रश्न 1.
नाटक में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों?
उत्तर
नाटक में सबसे बुद्धिमान पात्र हमें कौआ लगा क्योंकि वह उड़-उड़कर सभी घटनाओं की जानकारी रखता है। अच्छे-बुरे लोगों की उसे पहचान है। उसी की सूझ-बूझ के कारण असामाजिक तत्त्वों यानी दुष्ट व्यक्ति के हाथों में जाने से बच्ची बच जाती है।

प्रश्न 2.
पेड़ और खंभे की दोस्ती कैसे हुई ?
उत्तर-
शुरुआत में पेड़ का जन्म समुद्र के किनारे हुआ था और वह वही अकेला बड़ा होता रहा। कुछ दिनों बाद वहाँ खंभा लगाया गया तो पेड ने उससे मित्रता करने की कोशिश की। लेकिन खंभा अकड़ में पेड़ से नहीं बोलता था। एक दिन जब खंभा पेड़ के ऊपर ही आ गिर पड़ा था। पेड़ ने उसे अपने ऊपर झेल लिया। इस कोशिश में पेड़ को खुद चोट आया और वह घाव बन गया। पेड़ ने खंभे को नीचे गिरने से बचा लिया। उसी दिन से दोनों में दोस्ती हो गई।

प्रश्न 3.
लैटरबक्स को सभी लाल ताऊ कहकर क्यों पुकारते थे?
उत्तर-
लैटरबक्स का रंग पूरे का पूरा लाल रंग से रंगा हुआ था, इसलिए सब उसे लाल ताऊ कहकर पुकारते थे।

प्रश्न 4.
लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है?
उत्तर-
लाल ताऊ अन्य पात्रों से भिन्न है क्योंकि वह एक ऐसा पात्र है जो पढ़ा लिखा है। वह अपने आप में मस्त रहता था। अकेले रहने पर भजन गुनगुनाते रहना उसकी आदत थी। इस तरह वह अन्य पात्रों से भिन्न था। निर्जीव होते हुए भी समाज की चिंताएँ उसे सताती थीं।

प्रश्न 5.
नाटक में बच्ची को बचानेवाले पात्रों में केवल एक सजीव पात्र है। उसकी कौन-कौन-सी बातें आपको मजेदार लगी? लिखिए।
उत्तर-
नाटक में एकमात्र सजीव पात्र 'कौआ' है। वह काफ़ी होशियार है। उसने लड़की को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उसे सामयिक घटनाओं का पूरा ज्ञान है और समाज के अच्छे-बुरे लोगों की भी पहचान है। दुष्ट आदमी से बच्ची को बचाने के लिए वही सबसे पहले भूत-भूत चिल्लाता है। उसी की योजनानुसार बालिका को उठानेवाला दुष्ट व्यक्ति भूत के डर से बालिका को छोड़कर भाग जाता है और उसी के परामर्श से बच्ची को सकुशल घर पहुँचाने के लिए पुलिस के आने का इंतजार करते हैं। जब यह सोचा जाता है कि अगर पुलिस नहीं आई तो क्या होगा? तो कौआ ही लैटरबक्स को बड़े-बड़े अक्षरों में 'पापा खो गए' लिखने व सबको यह कहने कि किसी को इस बच्ची के पापा मिले तो यहाँ आने की सलाह देता है। अतः बच्ची को बचाने के प्रयास में कौआ मुझे मजेदार लगा।

प्रश्न 6.
क्या वजह थी कि सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे?

उत्तर
लड़की बहुत छोटी व अबोध थी। उसे अपने माता-पिता का नाम व घर का पता तक मालूम नहीं था इसीलिए सभी पात्र मिलकर भी उस लड़की को यथाशीघ्र उसके घर नहीं पहुँचा पा रहे थे।

अन्य पाठेतर हल प्रश्न

बहुविकल्पी प्रश्नोत्तर
(क) इस पाठ और लेखक का नाम इनमें से कौन-सा है?
(i) दादी माँ-शिवप्रसाद सिंह
(ii) हिमालय की बेटियाँ-नागार्जुन
(iii) मिठाईवाला-भगवती वाजपेयी
(i) पापा खो गए-विजय तेंदुलकर

(ख) खंभा, पेड़, लैटरबक्स सभी एक साथ कहाँ खड़े थे?
(i) विद्यालय के समीप
(ii) जंगल के पास
(iii) समुद्र के किनारे
(iv) झील के किनारे

(ग) इस पाठ में किस समय यह घटनाएँ हो रही हैं?
(i) प्रात:काल
(ii) सायंकाल
(iii) रात्रि में
(iv) दोपहर में

(घ) पत्र को कौन पढ़ रहा है?
(i) पेड़
(ii) कौआ
(iii) लैटरबक्स
(iv) खंभा

(ङ) खंभे के स्वभाव के बारे में पेड़ क्या सोचता था?
(i) वह बहुत दुष्ट है।
(ii) वह बहुत सभ्य है
(iii) वह मिलनसार है।
(iv) वह अभिमानी है।

(च) आसमान में गड़गड़ाती बिजली किस पर आ गिरी थी?
(i) खंभे पर
(ii) पेड़ पर
(iii) लैटरबक्स पर
(iv) पोस्टर पर

(छ) "आदमी' लड़की को छोड़कर कहाँ चला गया?
(i) खाना खाने
(ii) घूमने चला गया
(iii) बच्चे को उठाने
(iv) सोने के लिए

(ज) "फ़ीस के पैसे क्या फोकट में आते हैं?'-को भाव क्या है?
(i) फ़ीस मुफ्त में आती है।
(ii) पढ़ाई मुफ्त में होनी चाहिए।
(ii) फ़ीस के पैसे बड़ी मुश्किल से आते हैं।
(iv) फ़ीस अवश्य जमा करना चाहिए।

उत्तर-
(क) (iv)
(ख) (iii)
(ग) (iii)
(घ) (iii)
(ङ) (ii)
(च) (ii)
(छ) (i)
(ज) (iii)

लघुत्तरीय प्रश्न

(क) खंभा को बरसात की रात क्यों पसंद नहीं है?
उत्तर-
खंभा को बरसात की रात में भींगते हुए, आँधी एवं तेज़ हवा में बल्ब को पकड़कर एक टाँग पर खड़े रहना पड़ता था, उसे काफ़ी परेशानी होती इसलिए उसे बरसात की रात पसंद नहीं थी।

(ख) पेड़ अपने जन्म के बारे में क्या कहता है?
उत्तर-
पेड़ अपने जन्म के बारे में कहता है कि इस स्थान पर सबसे पहले उसका जन्म हुआ है।

(ग) पेड़ ने खंभे को कैसे बचाया?
उत्तर-
जब खंभा तेज़ आँधी-पानी के तुफ़ान में गिरने लगता है तो पेड़ उसे सहारा देकर अपने ऊपर उसके भार को ले लेता है। ऐसा करने में वह जख्मी भी हो जाता है।

(घ) लड़की के दिमाग में कौन-कौन से प्रश्न उठते हैं?
उत्तर-
लड़की के दिमाग में प्रश्न उठते हैं कि मैं कहाँ हूँ? मेरा घर कहाँ है? मेरे पापा कहाँ हैं? मम्मी कहाँ हैं?

(ङ) किस घटना को याद कर पेड़ थर-थर काँपने लगता है?
उत्तर-
जब बरसात की रात में पेड़ के ऊपर आसमान से बिजली आ गिरी थी। उस घटना को याद कर पेड़ थर-थर काँपने लगता

लघु उत्तरीय प्रश्न

(क) एकांकी में पेड़ ने अपने बारे में क्या विचार प्रस्तुत किए हैं?
उत्तर-
एकांकी में पेड़ ने अपने बारे में कहा है कि मेरा जन्म इसी जगह हुआ। यहाँ ऊँचे-ऊँचे घर न थे, वह सिनेमा का पोस्टर व उसमें नाचने वाली भी नहीं थी, सिर्फ हमारे सामने समुद्र था। मुझे उस वक्त अकेलापन महसूस होता था।

(ख) कौआ समाज में होने वाली घटनाओं की जानकारी कैसे रखता था?

उत्तर-
कौआ सारा दिन उड़-उड़कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर इसलिए जाता था कि उसे समाज में होने वाली सारी घटनाओं की जानकारी प्राप्त थी जबकि इसके विपरीत पेड़, खंभा, व लैटरबक्स एक ही जगह पर खड़े रहते थे।

(ग) लैटरबक्स बाकी पात्रों से कैसे भिन्न है?
उत्तर-
लैटरबास अन्य पात्रों से इस मायने में अलग है-क्योंकि वह पढ़ा-लिखा है। वह पत्र पढ़ना जानता है, दोहे गुनगुनाता है। और बातचीत भी करता है।

(घ) बैठने पर खंभे की क्या प्रतिक्रिया होती है?
उत्तर-
बैठने पर खंभा काफ़ी आनंदित महसूस करता है क्योंकि पहली बार उसे जीवन में बैठने का मौका मिला था। वह कहता है कि बैठकर उसे अच्छा लग रहा है। जब वह खड़ा रहता है तो वह बैठने के लिए लालायित होता है, सपने में बैठना भी उसे बहुत अच्छा लगता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

(क) लड़की को उसके घर पहुँचाने के लिए क्या उपाय सोची गई?
उत्तर-
लड़की को उसके घर सुरक्षित पहुँचाने का कौए ने यह तरकीब बताया कि-वह पेड़ से कहता है कि सुबह होने तक आप उस पर अपनी छाया किए रहें। ताकि वह देर तक सोती रहे। खंभे महाराज आप जरा टेढ़े होकर खड़े रहें। उसके टेढे होने से पुलिस को लगेगा कि एक्सीडेंट हो गया। पुलिस आएगी, बच्ची को देखेगी और फिर बच्ची को उसके घर तक पहुँचाएगी। कौए का उपाय सुनकर खंभा कहता है कि यदि पुलिस न आई तो, उस पर कौआ काँव-काँव कर अपने द्वारा लोगों का ध्यान आकर्षित करेगा। फिर लैटरबक्स को भी संदेह होता है तो कौआ उनसे कहता है कि आप पढ़े-लिखे हैं। अब आप ही हमारी मदद करेंगे। वह उनसे सिनेमा के पोस्टर पर यह सूचना लिखवाता है ‘पापा खो गए।’ प्रातः होने पर योजना पर कार्य आरंभ कर देते हैं।